कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-13.06.2025

विषय:- नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त प्रिंस विश्वकर्मा थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व मे थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-154/2025 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त प्रिंस विश्वकर्मा पुत्र किशन विश्वकर्मा निवासी सी-5/23 कबीर चौरा झण्डा तले थाना चेतगंज वाराणसी को दिनांक-12.06.2025 को समय करीब 18.10 बजे ऐढ़े रिंग रोड के पास से गिरफ्तार करते हुए, पीड़िता/अपहृता की सकुशल बरामदगी की गयी। उक्त सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 11.06.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने उनकी नाबालिग पुत्री उम्र करीब 14 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसला कर ले जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर में मु0अ0सं0-0154/2025 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 आदित्य सेन सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

प्रिंस विश्वकर्मा पुत्र किशन विश्वकर्मा निवासी सी-5/23 कबीर चौरा झण्डा तले थाना चेतगंज वाराणसी, उम्र करीब 21 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

ऐढ़े रिंग रोड के पास से, दिनांक-12.06.2025 को समय करीब 18.10 बजे।

बरामदगी का विवरण- मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता/पीड़िता, उम्र करीब 14 वर्ष बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1-मु0अ0सं0 154/2025 धारा 137(2), 87 बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
2. उ0नि0 आदित्य सेन सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. म0हे0का0 संगीता कुमारी थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
4. का0 दिलीप कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
5. का0 आशुतोष सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।